Title: Need to provide sufficient staff to the office of General Manager, Telecommunication in Darbhanga Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दरभंगा में अभी हाल में स्थापित महाप्रबंधक कार्यालय दूरसंचार की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां अधिकारी एवं स्टाफ की भारी कमी है। इसके कारण दूरसंचार के विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और ि वकास के संबंध में जो कार्य किये जाने थे वे ठप्प पड़े हुये हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि महाप्रबंधक दूरसंचार कार्यालय के लिये पर्याप्त अधिकारी एवं स्टाफ यहां पर स्थापित किया जाये जिससे यहां के दूरसंचार के विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जा सके।